# अमृत विचार

## बरेली महानगर

www.amritvichar.com

बरेली , गुरुवार,26 मार्च 2026


सुविचार



अत्याचार और अनाचार को सिर झुकाकर वे ही सहन करते हैं जिनमें नैतिकता और चरित्र का अभाव होता है।

\- कमलापति त्रिपाठी


### बरेली के प्रमुख समाचार

- सेटेलाइट पर अजनबी को निगल गया नाला, जिम्मेदार कौन-II
- 497.76 लाख से बन रहीं फोकस वॉल, सभी अधूरी-III
- रुविवि : एमटेक की फीस घटी -IV


### सिटी ब्रीफ

#### इस महीने तीन दिन बंद रहेंगे बैंक

**बरेली, अमृत विचार :** गुरुवार को बैंकों में रामनवमी का अवकाश रहेगा। शुक्रवार को बैंक खुलेंगे। इसके बाद 28 मार्च को चौथा शनिवार होने के कारण बैंक बंद रहेंगे। 30 मार्च सोमवार को फिर बैंक खुलेंगे। वहीं, 31 मार्च को महावीर जयंती और 1 अप्रैल को बैंकों की क्लोजिंग के कारण बैंक बंद रहेंगे।

#### फर्जी अकाउंट बनाकर की जा रही अश्लील पोस्ट, रिपोर्ट

**बरेली/कैंट, अमृत विचार :** इंस्टाग्राम पर फर्जी अकाउंट बनाकर तथा महिला का फोटो लगाकर उसका दुरुपयोग करने का मामला सामने आया है। महिला की फर्जी आईडी बनाकर उस पर अश्लील पोस्ट कर दी और अशोभनीय मैसेज करके उसे बदनाम करने की कोशिश की जा रही है। कैंट पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

#### भट्ठे पर मजदूरों को छोड़ ठेकेदार फरार

**बरेली/नवाबगंज, अमृत विचार :** धोखाधड़ी करके मजदूरों को नेपाल ले जाकर ईंट भट्ठे पर छोड़कर ठेकेदार फरार हो गए। पीड़ित मजदूरों में शामिल एक महिला ने पुलिस से शिकायत की है। पीलीभीत की नाजिशन पत्नी अनवर अहमद ने बताया कि ठेकेदार मजदूरों को 15 मार्च के आसपास नेपाल के जिला महेंद्रनगर स्थित एक ईंट भट्ठे पर काम कराने के लिए ले गए थे।

### शहर में आज

- अष्टमी पर कन्या पूजन के साथ मंदिरों में पूजा अर्चना के बाद आरती शाम 7 बजे।
- पंजाबी महासभा सोसाइटी की ओर से पीड़ित परिवार की सहायता बांके बिहारी मंदिर राजेन्द्र नगर में शाम 4 :30 बजे
- मानव सेवा क्लब की ओर से बच्चों की गीत-संगीत प्रतियोगिता कहरवान स्थित कार्यालय सभागार में दोपहर 12 बजे।

### बिना प्लानिंग रोका ट्रैफिक, लगा जाम





बिना योजना के ट्रैफिक रोकने का खामियाजा लोगों ने फिर भुगता। सेटेलाइट पुल के पास बुधवार की दोपहर में वाहन खड़े करके ट्रैफिक रोक दिया गया। इससे पीलीभीत रोड पर आने वाले वाहन सेटेलाइट पुल पर चढ़ गए और पुल खत्म होते ही कैंट इलाके के कट से रांग साइड लेते हुए वापस सेटेलाइट के लिए आने लगे। इससे लंबा जाम लग गया। वहीं पीलीभीत जाने वाले वाहनों को गांधी उद्यान और शहामतगंज पुल के रास्ते आसानी से निकाला जा सकता था, लेकिन ऐसा नहीं किया गया। वहीं, वर्कशाप के बाहर रेस्क्यू अभियान के चलते नाले को खोलकर युवक की तलाश की जा रही है। जिसके चलते बरेली रीजन के वर्कशाप में मरम्मत काम और डीजल डलवाने समेत अन्य काम को जाने वाली बसें वर्कशाप के अंदर नहीं जा पा रही हैं। ● अमृत विचार

# 1072 करोड़ से शहर के विकास को मिलेगी रफ्तार

## नगर निगम की कार्यकारिणी बैठक में बजट को मिली हरी झंडी, बुनियादी सुविधाओं पर जोर

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- नाला सफाई के बजट कम होने पर सदस्यों में जताई आपत्ति
- सड़कों के निर्माण और मरम्मत के लिए 140 करोड़ का प्रावधान

**अमृत विचार :** शहर के समग्र विकास और बुनियादी सुविधाओं को मजबूत करने के लिए बुधवार को नगर निगम कार्यकारिणी की बैठक में वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए 1072 करोड़ रुपये का बजट सर्वसम्मति से पारित किया गया। करीब दो घंटे चली बैठक में कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों को पास किया गया। अब इस बजट को अंतिम मंजूरी के लिए निगम बोर्ड बैठक में पेश किया जाएगा।

मेयर डॉ. उमेश गौतम की अध्यक्षता में पूर्वाह्न 11 बजे कार्यालय में नगर निगम कार्यकारिणी की बैठक शुरू हुई। बजट में शहर के बुनियादी ढांचे के आधुनिकीकरण, बेहतर यातायात व्यवस्था और आमजन को सुविधाएं उपलब्ध कराने पर विशेष फोकस रखा गया है। नगर निगम ने सड़कों के निर्माण और मरम्मत के लिए 140 करोड़ का प्रावधान किया है, जिससे शहर को गड्ढा मुक्त बनाने का लक्ष्य तय किया गया है। सीएम ग्रिड योजना के तहत शहर के प्रमुख मार्गों के सौंदर्यीकरण और कायाकल्प पर 70 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे।

स्मार्ट सिटी मिशन को आगे बढ़ाते हुए स्ट्रीट लाइट व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए 15 करोड़ रुपये का बजट रखा गया। पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए ग्रीन बरेली अभियान के तहत 11 करोड़ रुपये पौधारोपण पर खर्च होंगे। स्वच्छता व्यवस्था को मजबूत करने के लिए डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण के लिए 20 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। नाला सफाई का बजट कम होने पर कार्यकारिणी के सदस्यों में आपत्ति जताई। चालू वित्त वर्ष में नाला सफाई पर 7 करोड़ रुपये का खर्च हो रहे थे, जिसे अब 2 करोड़ रुपये रखा गया है। जल प्रबंधन, सीवर व्यवस्था में सुधार के लिए 25 करोड़ और पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए 20 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। मेयर ने उम्मीद जताई कि यह बजट शहर के विकास को नई दिशा देगा। इस दौरान नगर आयुक्त संजीव मौर्य, अपर नगर आयुक्त शशि भूषण राय, मुख्य अभियंता मनीष अवस्थी सहित अन्य अधिकारी और कार्यकारिणी सदस्य मौजूद रहे।



नगर निगम कार्यकारिणी की बैठक में मौजूद मेयर डॉ. उमेश गौतम व सदस्य। ● अमृत विचार

#### 30 हजार लाइटों से जगमग होंगे वार्ड

कार्यकारिणी बैठक में 80 वार्ड में 30 हजार लाइटें खरीदने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। हर वार्ड में करीब 300 से अधिक लाइटें उपलब्ध होंगी। इसके लिए करीब 15 करोड़ का प्रस्ताव रखा गया है। सभासदों ने बताया कि शहर के कई वार्ड में रोड लाइट की समस्या है, जिसके चलते लोग अंधेरे से होकर गुजरते हैं। हादसे का आशंका बनी रहती है।

### छापेमारी : टीम ने खाद्य पदार्थों के 12 नमूने भरे

**बरेली, अमृत विचार :** मिलावटी खाद्य एवं पेय पदार्थों के बिक्री पर रोकथाम के लिए बुधवार को सहायक आयुक्त-2 (खाद्य) अक्षय गोयल के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम ने विभिन्न स्थानों पर छापे मारे। खाद्य एवं पेय पदार्थों के 12 नमूने लिए।

नई बस्ती, नरकुलागंज से रिफाइंड सोयाबीन ऑयल एवं अरहर दाल, नैनीताल रोड स्थित दुकान से कुट्टू व सिंघाड़े के आटे, बहेड़ी बाजार से बेसन, रामपुर गार्डन स्थित प्रतिष्ठान से कुट्टू आटे का नमूना, रामपुर गार्डन की एक अन्य शॉप से कुट्टू आटे एवं सिंघाडे.आटे का एक-एक नमूना, कलेक्ट्रेट के पास नजदीक एक डेयरी से मिश्रित दूध का एक नमूना संग्रहित किया। सभी नमूने जांच के लिए प्रयोगशाला झांसी भेजे गए हैं। अक्षय गोयल ने बताया कि मिलावटी खाद्य पदार्थों के विरुद्ध छापेमार कार्रवाई जारी रहेगी।

### स्कूलों के पास लगेंगे स्पीड ब्रेकर और सीसीटीवी



कलेक्ट्रेट सभागार में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक लेते एडीएम सिटी।

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- दुर्घटनाओं की रोकथाम को लेकर बैठक, जागरुकता बढ़ाने पर दिया विशेष बल
- एडीएम सिटी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में हुई सड़क सुरक्षा समिति की बैठक

**अमृत विचार :** सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए स्कूल-कॉलेजों के आसपास सड़कों पर स्पीड ब्रेकर और सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। कलेक्ट्रेट सभागार में बुधवार को हुई सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में एडीएम सिटी सौरभ दुबे ने कहा कि बच्चों की सुरक्षा के लिए ये कवायद की जा रही है।

एडीएम सिटी ने निर्देश दिए कि स्कूलों के आस-पास अनिवार्य रूप से स्पीड ब्रेकर बनाए जाएं। अभिभावकों और स्कूल प्रबंधन को जागरूक करने पर भी जोर दिया। निर्देश दिए कि बिना फिटनेस प्रमाण पत्र या निर्धारित मानकों के कोई भी स्कूली वाहन सड़क पर न दिखे। बैठक में पेट्रोल पंपों, ढाबों और टोल प्लाजा के आस-पास सड़क सुरक्षा संबंधी संकेतक, होर्डिंग और बैनर लगाने को निर्देशित किया। कहा कि इसमें किसी प्रकार की ढिलाई न बरती जाए। परिवहन विभाग के अधिकारियों ने जानकारी दी कि भारी वाहनों एवं ट्रैक्टर-ट्रॉलियों पर रिफ्लेक्टर लगाए जा रहे हैं, जिससे रात में दुर्घटनाओं की संभावना कम हो। एडीएम सिटी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के साथ-साथ घरों में भी बच्चों की सुरक्षा के प्रति लोगों को जागरूक करें। इस दौरान लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता भगत सिंह, परिवहन विभाग के अधिकारी आदि कई विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

#### तीन सौ बेड अस्पताल को पीपीपी मोड पर चलाने की तैयारी

**बरेली, अमृत विचार :** 300 बेड अस्पताल को जल्द ही पीपीपी मोड में संचालित करने की तैयारी है। लखनऊ की टीम आज बरेली पहुंचकर हैल्थ अफसरों के साथ अस्पताल का दौरा करेगी। इसके बाद तय होगा कि अस्पताल को कब और कैसे चलाया जाएगा? सीएमओ डा. विश्राम सिंह ने बताया कि 300 बेड अस्पताल को चलाने के लिए शासन लखनऊ से टीम बरेली भेज रहा है। टीम 300 बेड अस्पताल पहुंचकर वहां की बिल्डिंग, उपकरण समेत अन्य व्यवस्थाओं को परखेगी। इससे पहले भी जिला स्तर पर इसे पीपीपी मोड में चलने की तैयारी की गई थी लेकिन उस समय कवायद अधूरी ही रह गई।

### चाइनीज मांझे से सुरक्षा...तीन पुलों पर लगाए जाएंगे व्यू कटर

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- 3.55 करोड़ रुपये होंगे खर्च दुर्घटनाओं पर लगेगी लगाम
- पहली किस्त में 1.82 करोड़ मिले पीडब्ल्यूडी जल्द निकालेगा टेंडर

**अमृत विचार :** दुर्घटनाओं को रोकने, चाइनीज मांझा से वाहन चालकों और राहगीरों की सुरक्षा के लिए शहर के तीन प्रमुख पुलों पर 3.55 करोड़ रुपये से व्यू कटर लगाए जाएंगे। शासन ने पहली किस्त के रूप में 1.82 करोड़ रुपये आवंटित कर दिये हैं। व्यू कटर लगाने की जिम्मेदारी पीडब्ल्यूडी को सौंपी गई है। अफसरों का दावा है कि जल्द ही टेंडर निकाला जाएगा।

दरअसल, शहर के पुलों पर चाइनीज मांझे ने कई राहगीरों को जिंदगी भर के जख्म दिए हैं। हाल ही में चाइनीज मांझे से लखनऊ में युवक की जान भी चली गई। शहर में सेटेलाइट, अटल सेतु, कुदेशिया, महादेव पुल पर मांझे से कई लोग चपेट में आ चुके हैं। इसको ध्यान में रखते हुए शासन ने सेटेलाइट पुल, चौपुला के अटल सेतु, बदायूं रोड के पुल पर व्यू कटर लगाने के लिए वित्तीय स्वीकृति दी है। इसके लिए पहली किस्त भी जारी कर दी है। लोक निर्माण विभाग के उप सचिव रिपुन्जय गुप्ता की ओर से व्यू कटर लगाने के संबंध में निर्देश जारी किए गए हैं। लोक निर्माण विभाग के प्रांतीय खंड के अधिकारियों को बजट जारी होने के संबंध में चिट्ठी भेजी गयी है। जिसमें बताया गया है कि बरेली-बदायूं मार्ग एसएच-33 पर बने दो लेन उपरिगामी पुल पर व्यू कटर लगाने के लिए 44 लाख रुपये स्वीकृत किए हैं, इसमें से 22 लाख रुपये आवंटित कर दिए हैं। लखनऊ-दिल्ली मार्ग चौपुला चौराहे पर स्थित उपरिगामी पुल पर व्यू कटर लगाने को 181.88 लाख रुपये स्वीकृत किए हैं। इसमें से 90.94 लाख रुपये जारी कर दिए हैं। बरेली-शाहजहांपुर मार्ग पर सेटेलाइट बस स्टैंड के पास स्थित चौराहे पर उपरिगामी पुल पर व्यू कटर लगाने के लिए 139.52 लाख रुपये स्वीकृत किए गए। इसमें से 69.76 लाख जारी कर दिए गए हैं।



### टीडीएस के अंतर्गत पंजीकरण की अनिवार्यता बताई

- ग्राम सचिवों के साथ बैठक आयोजित

**बरेली, अमृत विचार :** आयुक्त राज्य कर उत्तर प्रदेश लखनऊ के निर्देश पर जोनल कार्यालय कैंट में ग्राम सचिवों के साथ आयोजित की गई। अध्यक्षता अपर आयुक्त ग्रेड-दो (एसआईबी) आशीष निरंजन ने की। बैठक में बहेड़ी और दमखोदा क्षेत्र के ग्राम सचिवों ने भाग लिया। राज्य कर विभाग की ओर से अविरल मुद्गल सहायक आयुक्त और डॉ. श्रुति पांडेय, सहायक आयुक्त ने जीएसटी कर व्यवस्था में टीडीएस के अंतर्गत पंजीकरण की अनिवार्यता और समयबद्ध रूप से जीएसटीआर-7 दाखिल करने के संबंध में प्रशिक्षण प्रदान किया। ग्राम सचिवों को बताया कि टीडीएस की कटौती के उपरांत उसे नियत समय में विभागीय खाते में जमा कराना जरूरी है। आशीष निरंजन ने सभी को कर संबंधी प्रावधानों का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### नई टाउनशिप के लिए बीडीए को 150 करोड़ रुपये मिले

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- शासन ने जारी की धनराशि, 267.1443 हेक्टेयर भूमि में बसेगी कॉलोनी
- टाउनशिप के लिए भूमि अर्जन में 1327.20 करोड़ खर्च होने का अनुमान
- आसपुर खूबचंद, अड़पुरा जागीर समेत कई गांवों में भूमि अर्जन की कवायद शुरू

**अमृत विचार :** बरेली विकास प्राधिकरण (बीडीए) की नई टाउनशिप के लिए भूमि अर्जन के लिए शासन ने 150 करोड़ रुपये की धनराशि जारी कर दी है। आवासीय परियोजना के लिए भूमि अर्जन पर 1327.20 करोड़ रुपये की धनराशि खर्च की जानी है।

बीडीए ने पीलीभीत रोड और बड़ा बाईपास के बीच में महादेव पुरम आवासीय टाउनशिप बसाने की कवायद शुरू कर दी है। सैकड़ों किसानों की भूमि अर्जन की जा चुकी है। शासन ने 24 मार्च को 150 करोड़ रुपये और जारी किए हैं। आसपुर खूबचंद, अड़पुरा जागीर, अहिलादपुर, बरकापुर, मोहरनियां, नवदिया, कुर्मियान व हरहरपुर गांव की भूमि अर्जन की जा रही है। मौजूदा सर्किल रेट के चार गुना दाम पर भूमि अर्जन की जा रही है।

बीडीए वीसी डॉ मनिकन्डन ए की ओर से भेजे गए आगणन पर करीब 267.1443 हेक्टेयर भूमि में बसाई जाने वाली टाउनशिप के लिए शासन ने भूमि अर्जन में 1327.20 करोड़ रुपये का खर्च मानते हुए परियोजना को स्वीकृति दी है। आवास एवं शहरी नियोजन अनुभाग के प्रमुख सचिव पी गुरु प्रसाद की ओर से बीडीए वीसी को 150 रुपये की धनराशि जारी करने के संबंध में पत्र भेजा है। परियोजना के लिए संभावित अर्जन व्यय का वित्त पोषण के लिए समिति ने 398.16 करोड़ की धनराशि आगणित की है। सीड कैपिटल के रूप में 199.08 करोड़ की धनराशि की सीमा तय की है।

### बैडमिंटन : यश तिवारी और प्रदीप की शानदार जीत

**बरेली, अमृत विचार :** बैडमिंटन प्रतियोगिता में बुधवार को रोमांचक मुकाबले देखने को मिले। अंडर 19 बालक वर्ग सिंगल्स में यश तिवारी ने हेमंत रावत को 19-21, 21-19, 21-18 से हराकर जीत दर्ज की। वहीं, सीनियर वर्ग में प्रदीप ने डॉ. राहुल को सीधे सेटों में 21-14, 21-14 से पराजित किया। पांच दिनों तक चले मुकाबलों के बाद गुरुवार को खिलाड़ियों को विश्राम दिया जाएगा, जिसके बाद सभी वर्गों में सेमीफाइनल मुकाबले खेले जाएंगे। प्रतियोगिता में गर्ल्स वर्ग में आराध्य और आन्या ने फाइनल में प्रवेश कर लिया है, जबकि बालक वर्ग में अथर्व अग्रवाल और चित्रांक ने भी फाइनल में जगह पक्की कर ली है।

आयोजन

इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन बरेली चैप्टर ने बढ़ती ऊर्जा लागत पर की चर्चा

## बढ़ती लागत-कच्चे माल की कमी से उत्पादन प्रभावित

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- बैठक में जरूरी सेवाएं प्रभावित होने पर जताई चिंता

**अमृत विचार :** इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन बरेली चैप्टर ने बुधवार को मैनेजिंग एनर्जी कॉस्ट एमीडस्ट इंटरनेशनल टूरमील विषय पर बैठक की। इसमें उद्यमियों ने बताया कि बढ़ती लागत और कच्चे माल की कमी से उत्पादन प्रभावित हो रहा है, जिससे उद्योगों की प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है।

रामपुर गार्डन स्थित एक रेस्टोरेंट में चैप्टर चेयरमैन मयूर धीरवानी की अध्यक्षता में हुई बैठक में में ईरान-इजरायल युद्ध के लंबा खिंचने के कारण कच्चे माल एवं ईंधन की आपूर्ति श्रृंखला में आईं बाधाएं और बढ़ती ऊर्जा लागत से उद्योगों पर पड़ रहे प्रभावों पर गहन चर्चा की गयी। प्लाईवुड उद्योग में प्रयुक्त केमिकल (मेथनॉल-फॉर्मेल्डिहाइड) की कीमतों में 2-3 गुना तक वृद्धि और उनकी उपलब्धता में कमी के साथ ही ईंट भट्ठों के लिए कोयले की कीमतों में भारी वृद्धि और आपूर्ति में बाधा को लेकर मंथन किया। बेकरी, नमकीन व गत्ता उद्योगों में एलपीजी गैस की अनियमित आपूर्ति के कारण कई इकाइयों का बंद होना व शेष इकाइयों का मात्र लगभग 60 प्रतिशत क्षमता पर संचालन होने पर चिंता जताई गई।



बैठक में उपस्थित इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

आईआईए चैप्टर ने इस स्थिति को अत्यंत गंभीर बताते हुए प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप की आवश्यकता पर जोर दिया। संस्था ने जमाखोरी एवं कालाबाजारी पर प्रभावी रोक लगाने व सख्त कार्रवाई की मांग की। बताया कि एलपीजी गैस की अनियमित आपूर्ति के कारण उद्योगों के साथ होटल, रेस्टोरेंट, अस्पताल एवं अन्य आवश्यक सेवाएं भी प्रभावित हो रही हैं, जो जनहित के दृष्टिकोण से अत्यंत चिंताजनक है। कोषाध्यक्ष आशीष गुप्ता, नीरज गोयल, राकेश धीरवानी, धनंजय विक्रम सिंह, अशोक मित्तल, सलिल बंसल, ध्रुव खानिजों, राजीव आनंद आदि उद्यमी उपस्थित रहे। संचालन चैप्टर सचिव रजत मेहरोत्रा ने किया।

# सेटेलाइट पर अजनबी को निगल गया नाला, जिम्मेदार कौन

## रेस्क्यू टीम 30 घंटे के बाद भी नाकाम, युवक का नहीं लगा सुराग, मुख्यमंत्री कार्यालय- नगर विकास मंत्री तक पहुंचा मामला

- मंगलवार रात सेटेलाइट बस स्टैंड के पास खुले नाले के पास बैठा व्यक्ति अचानक गिर गया

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** सेटेलाइट बस अड्डे पर करीब 12 फीट गहरे नाले में गिरे व्यक्ति की खोजबीन के लिए 30 घंटे से रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया जा रहा है लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लगा है। मंगलवार की देर रात से शुरू हुआ रेस्क्यू ऑपरेशन बुधवार को दिन भर चला। एसडीआरएफ की टीम के साथ नगर निगम के कर्मचारी खोजबीन में जुटे हैं। मामला मुख्यमंत्री कार्यालय और नगर विकास मंत्री तक पहुंच गया है। इसके बाद नगर आयुक्त से लेकर अतिक्रमण प्रभारी और पुलिस-प्रशासन के आला अधिकारी खुद जुट गए।

मंगलवार की रात करीब 9:30 बजे सेटेलाइट बस अड्डे पर खुले हुए नाले के पास बैठा एक व्यक्ति अचानक नाले में जा गिरा। आसपास मौजूद यात्रियों और दुकानदारों ने तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली, तो उसमें युवक नाले में गिरता दिखाई दे रहा है। इसके बाद थाना बारादरी पुलिस और रेस्क्यू टीमें सक्रिय हो गईं और रात से सुबह तक रेस्क्यू अभियान चलाया लेकिन उस व्यक्ति का पता नहीं लगा। निगम और एसडीआरएफ की टीम ने नाले की सफाई मशीनों से कराई। नाले का पानी निकालने का काम रात तक चलता रहा लेकिन बुधवार की रात तक व्यक्ति को नहीं तलाशा जा सका।





नाले में युवक के गिरने के बाद बुधवार को सेटेलाइट पर रेस्क्यू ऑपरेशन में जुटीं टीमें। • अमृत विचार

### कौन था वो शख्स, 50 मीटर नाला खंगाला मगर नहीं मिला

**बरेली :** सेटेलाइट बस अड्डे से गुजरने वाला नाला 50 मीटर आगे जाकर एसपीएस से मिलता है। लगभग तीन मीटर गहरा और सवा तीन मीटर चौड़ा यह नाला मंगलवार की रात से बुधवार की रात तक साफ किया गया। तीन बार नाले को चेक किया गया लेकिन किसी व्यक्ति का कोई सुराग नहीं मिल सका। पर्यावरण अभियंता राजीव कुमार राठी ने बताया कि उन्होंने खुद नाले में घुसकर व्यक्ति की तलाश की लेकिन उसके बारे में कोई जानकारी नहीं मिल सकी। बहरहाल रात से ही पुलिस यह साबित करने में लगी रही की झगड़े का कोई मामला नहीं है। निगम के एक अफसर ने विवाद की बात कही तो पुलिस ने उनके पास जाकर बात को काट दिया।

**व्यवस्थाओं पर उठे सवाल, झगड़े की बात गलत :** बरेली, अमृत विचार: इस घटना ने शहर के नालों की सुरक्षा और नगर निगम की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। बस अड्डे जैसे सार्वजनिक और भीड़भाड़ वाले स्थान पर नाला खुला होना प्रशासनिक लापरवाही का बड़ा प्रमाण माना जा रहा है। मामला शासन तक पहुंचने के बाद लखनऊ से अधिकारियों ने स्थानीय प्रशासन से पूरी रिपोर्ट तलब की है। नाले में गिरे युवक की तलाश के लिए सर्च रेडियस बढ़ा दिया गया है। रात हो जाने पर सर्च ऑपरेशन के लिए रोडवेज के किनारे बल्लियों पर लाइटें लगाकर व बैरिकेडिंग कर रेस्क्यू किया रहा है। पानी निकालने के लिए देर शाम को चार पंप सेट लगाए गए। कुछ लोगों ने यह बात उड़ा दी थी की विवाद के बाद युवक को किसी ने धक्का दे दिया था लेकिन सीसीटीवी में साफ दिख रहा है कि वह नाले के पास दीवार पर बैठा है और अचानक से नाले में गिर जाता है।

> युवक को खोजने के लिए मंगलवार रात से ही टीमें लगी हुई है, मैं खुद भी मौके पर जाकर अधिकारियों के साथ लगातार मॉनिटरिंग कर रहा हूं। जिस जगह की घटना है, वहां चैम्बर बना था। इसके चारों और आरसीसी के स्लैब पड़े हैं, बैरिकेडिंग भी रहती है। युवक इसके अंदर क्यों घुसा, यह समझ से परे है। आखिरी प्रयास में रोड के कुछ हिस्से को तोड़कर देखा जाएगा, जहां से यह नाला गुजर रहा है।
>
> – **संजीव कुमार मौर्य**, नगर आयुक्त

# ऊपर वाले ! इन नालों से बस जान बचा ले

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** शहर को स्मार्ट बनाने के नाम पर चल रहे निर्माण कार्य अब लोगों की जान के लिए खतरा बनते जा रहे हैं। जगह-जगह खोदाई के बाद गड्ढों को भरना निगम भूल जाता है, जिससे दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। बरेली कॉलेज गेट के पास खुला गड्ढा राहगीरों के लिए जोखिम बना हुआ है। वहीं रामपुर गार्डन स्थित हिंद सिनेमा के पीछे पुलिया के नीचे नाला खुला है। बदायूं रोड पर खुले नाले में करीब पांच फीट तक गंदगी जमा है। गंगानगर कॉलोनी में निगम की टीम ने नाले पर लगा जाल तोड़ दिया, लेकिन सफाई नहीं की। लोगों ने बताया कि तीन दिन पहले निगम की टीम महावीर कॉलोनी के बाहर आई और केवल फोटो खिंचवाकर बिना काम किए लौट गई। इससे लोगों में नाराजगी है।

**खुले नाले और पुराने हादसे बढ़ा रहे चिंता :** करीब दो साल पहले सेटेलाइट नाले की सफाई के दौरान ठेकेदार का एक सफाई कर्मी की डूबकर मौत हो गई थी। सफाई कर्मियों ने जोरदार विरोध किया था और ठेकेदार ने मुआवजा देकर शांत कराया था। शहर में अभी भी हालात नहीं बदले हैं। सुभाष नगर की बस्तियों में अधिकांश नाले खुले पड़े हैं, संजय नगर का नाला भी आम के बाग के पास खुला हुआ है। अलखनाथ मंदिर रेलवे पुलिया के पास नाला खुला है, जबकि जाटवपुरा की वाल्मिकी बस्ती में भी यही स्थिति है। निगम की लापरवाही पहले भी सामने आ चुकी है। पुराने शहर में पेड़ के नीचे सो रहे एक युवक पर निगम की गाड़ी से नाले का कीचड़ गिर गया था, जिससे उसकी मौत हो गई थी। इस मामले में पुलिस ने ठेकेदार और चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी। लगातार घटनाओं के बावजूद हालात जस के तस हैं।


हिंद टाकिज के पीछे मौत को दावत दे रहा खुला नाला। • अमृत विचार

### स्लैब पर मामूली खर्च आता, अब पूरा तामझाम देखो

**बरेली, अमृत विचार :** नाले पर मामूली स्लैब लगाने में होने वाला खर्च अब कई गुना बढ़ गया है। हादसे के बाद चल रहे रेस्क्यू ऑपरेशन में नगर निगम की टीम, भारी मशीनरी, एसडीआरएफ और पुलिस पिछले 24 घंटे से लगातार तैनात हैं। इसके बावजूद अभी तक कोई ठोस सुराग नहीं मिल सका है। यदि समय रहते नाले को ढका गया होता तो यह स्थिति पैदा नहीं होती। अब हालात यह हैं कि बचाव कार्य में लाखों रुपये खर्च हो चुके हैं और अभियान लगातार जारी है। देरी के चलते खर्च और जोखिम दोनों बढ़ते जा रहे हैं।













# रोडवेज अफसर पत्र भेजते रहे मगर किसी ने नहीं सुनी


रेस्क्यू ऑपरेशन के दौरान मौके पर पहुंचे नगर आयुक्त संजीव मौर्य। • अमृत विचार

- एआरएम ने नगर निगम व ट्रैफिक अफसरों कई बार लिखा
- सबने खानापूर्ति के अभियान चलाकर झाड़ लिया पल्ला

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** सैटेलाइट बस अड्डे पर गहरे नाले में अजनबी के गिरने को लेकर नगर निगम और ट्रैफिक पुलिस की लापरवाही सामने आई है। एआरएम रोडवेज ने कई बार नगर निगम और ट्रैफिक पुलिस के अफसरों को पत्र लिखकर अवैध ठेलों के साथ ही सैटेलाइट से अतिक्रमण हटाने को कहा था लेकिन सब सिवाय खानापूर्ति के कुछ नहीं किया गया।

रुहेलखंड डिपो के एआरएम अरुण कुमार वाजपेई की तरफ से 8 अप्रैल 2025 से कई बार पत्र लिखकर कहा गया कि सेटेलाइट बस अड्डे पर तीनों तरफ फड़ और ठेले वालों ने अनधिकृत रूप से अतिक्रमण कर लिया है। इसके अलावा शिकायत में कहा गया था कि ऑटो रिक्शा वाले बस अड्डे के गेट पर ऑटो खड़े कर देते है। जिससे बस को निकलने में परेशानी होकर जाम लग जाता है। कई बार बस अड्डे पर तैनात केंद्र प्रभारियों ने ठेले व ऑटो को हटाया, लेकिन कुछ देर बाद वह फिर से लगा लेते है। अधिक बार टोकने पर वह मारपीट करते है। पत्र में सेटेलाइट बस अड्डे पर अराजक तत्वों का जिक्र करते हुए कहा गया था कि 2025 में एक हत्या भी हो चुकी है। इसके अलावा मई 2025 से लेकर अब तक कई बार नगर आयुक्त को भी पत्र लिखकर नाले की सफाई कराने को कहा गया था। पत्र में कहा गया था कि शाहजहांपुर-लखनऊ गेट पर नाले का पानी ऊपर चलने से सड़क और नाले में कोई अंतर नहीं दिखाई देता है। जिससे कभी भी कोई अप्रिय घटना होने की आशंका जताई गई थी। लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों ने एआरएम की तरफ से भेजे गए पत्र का संज्ञान नहीं लिया। ऐसे में नगर निगम और ट्रैफिक पुलिस की भी लापरवाही सामने आ रही है।

### देर रात नगर आयुक्त ने देखा रेस्क्यू ऑपरेशन

**बरेली, अमृत विचार :** मंगलवार की रात सेटेलाइट बस स्टैंड पर एक व्यक्ति के नाले में गिरने से खलबली मची है। नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य मंगलवार रात को मौके पर पहुंचे और बचाव कार्य का जायजा लिया। बुधवार की देर रात वह मौके पर पहुंचे और रात तक रुककर रेस्क्यू ऑपरेशन देखते रहे। इस दौरान निगम के इंजीनियर समेत कई अन्य अफसर भी मौजूद रहे।

# गुद्दड़ बाग में वक्फ संपत्ति बताकर जमीन पर कब्जा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- सहायक सर्वे आयुक्त वक्फ ने एसडीएम सदर को जांच कराकर कार्रवाई के लिए लिखा पत्र
- गुद्दड़ बाग के हसीन अहमद ने संपत्ति पर कब्जा होने की शिकायत की है

**अमृत विचार:** गुद्दड़ बाग में भूमि को वक्फ संपत्ति बताते हुए उस पर कब्जा करने का मामला सामने आया है। लिखित शिकायत मिलने पर सहायक सर्वे आयुक्त वक्फ ने जांच कराकर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई के लिए एसडीएम सदर को पत्र लिखा है। एसडीएम सदर प्रमोद कुमार ने जांच शुरू करा दी है।

सहायक सर्वे आयुक्त वक्फ इंद्रसेन सरोज ने एसडीएम सदर को लिखे पत्र में बताया कि हसीन अहमद निवासी गुद्दड़ बाग, चाहबाई ने आईजीआरएस पर शिकायत करते हुए कहा है कि उसकी पैतृक संपत्ति को वक्फ संपत्ति बताकर कुछ लोग अवैध कब्जा कर निर्माण करा रहे हैं। संपत्ति को कब्जा मुक्त कराने एवं निर्माण कार्य को रोके जाने के साथ दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। सहायक सर्वे आयुक्त वक्फ ने एसडीएम सदर से आरोपों की जांच कराने की मांग की है ताकि यह मालूम हो सके कि भूमि वक्फ की है या निजी। वक्फ संपत्तियों पर पहले भी कब्जे के मामले सामने आए हैं, कई संपत्तियों के मामले में जांच करायी जा रही है।

# छत के रास्ते घर में घुसकर महिला के साथ छेड़छाड़

**बरेली, अमृत विचार:** घर में महिला को अकेला जानकर आरोपी छत के रास्ते घर में घुस आया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। बारादरी थाना क्षेत्र के एक मोहल्ले की रहने वाली महिला ने बताया कि उसके पड़ोस में रहने वाला रवि कश्यप 12 मार्च छत के रास्ते घर में घुस आया। आरोपी ने उसके साथ छेड़छाड़ की कोशिश की। उसने अपने पति को आवाज लगाई तो आरोपी फरार हो गया। महिला ने बताया कि उसके पति ने छह माह पहले भी रवि और उसके परिवार के लोगों को समझाया था, लेकिन वह उसके साथ लगातार गलत व्यवहार और अश्लील हरकतें कर रहा है। महिला ने आरोपी से अपनी जान का खतरा बताते हुए शिकायत की।

अम्बा हैल्थ क्लीनिक



डॉ.आर.एस.सिंह
B.A.M.S.
(आयुर्वेदाचार्य)
स्त्री-पुरुष रोग विशेषज्ञ
30 वर्षों से चिकित्सा का अनुभव प्राप्त
ISO.9001:2015 Certify Tredmark Clinic




★ पतले-दुबले
★ गाल पिचके
★ कमजोर स्त्री-पुरुष
★ मोटापा व वजन बढ़ाने के लिए
परामर्श लें।

चिकित्सा जानकारी
भूख न लगना, अपच, कब्ज, गैस बनना, खाने के बाद शौचालय जाना, बच्चों का शारीरिक विकास न होना, पुलिस व फोर्स आदि नौकरी में नाप तौल में कमी होना, बच्चों का बिस्तर गीला करना, मोटे पेट व थुल-थुले व्यक्ति का वजन कम करना, कील-मुंहासे, झाइयां, सफेद दागों व सावलापन हटाना, सुन्दर दिखाना, बालों का समय से पहले झड़ना, टूटना, सफेद होना एवं गंजापन होना, खूनी व वादी बवासीर आदि सभी बिमारियों का परामर्श लें।

किसी भी प्रकार का नशा जैसे
शराब, अफीम, गुटखा, सुल्फा, गांजा बीड़ी, सिगरेट आदि नसा छुड़ाने की रोगी को बिना लाये बिना बताये जानकारी प्राप्त करें।

स्त्री-पुरुष गुप्त समस्याएं
- स्वपन दोष, शीघ्रपतन, मर्दाना कमजोरी होना
- हस्तमैथुन, धात जाने से कमी होना
- इन्द्री का ढीलापन-छोटापन व पतलापन होना
- वीर्य में शुक्राणु का कम होना
- ल्यूकोरिया, बांझपन, बच्चेदानी में रसोली होना
- यौन अंगो का ढीलापन या इच्छा कम होना
- मासिक धर्म अनियमित होना या उम्र से पहले बन्द होना



वैवाहिक जीवन को सफल बनायें
अविकसित सीना को सुडौल आकर्षक बनायें

Sexually Transmitted Bacterial Disease
सुजाक, गिनोरिया, एड्स, यौन अंगो पर खुजली या छाले पड़ने पर तुरन्त डाक्टर से सम्पर्क करें


गलत फिल्में देखने व फोन पर बातें करने से या पेशाब में चिपचिपा पदार्थ निकलने पर तुरन्त सम्पर्क करें

डॉ. साहब आपके विश्वास पर सभी बिमारियों को ठीक करने की कोशिश कर सकते हैं दावा या गारंटी नहीं दे सकते

मिलें सुबह 11 से सायं 5 बजे तक
दिनांक :-
22 मार्च 2026, रविवार
5 अप्रैल 2026, रविवार
निकट बरेली कॉलेज, होटल मोती महल काली बाड़ी चौराहा, बरेली
9837069463
7599211076

रोहिलखण्ड आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल
(उ.प्र. सरकार, आयुष मंत्रालय भारत सरकार एवं एनसीआईएम, नई दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त)
पता : सेक्टर-7, राम गंगा नगर योजना, डोहरा रोड, बरेली

शल्यतंत्र विभाग :- बवासीर, भगन्दर व फिशर का क्षार-सूत्र विधि द्वारा सफल इलाज, पैरों की नसों में नीलापन/सूजन वेरीकोज वेन्स, कॉर्न, कुठारी/पैर के तल में गांठ, सिस्ट और पुराने से पुराने जख्म का आयुर्वेदिक दवाईयों द्वारा इलाज।



पंचकर्म विभाग :- शरीर की अशुद्धियों को दूर करना (Detoxification) फालिज, सियाटिका, गठिया का स्वेदन, शिरोधारा, बस्ति, जलौका, वमन, नस्य आदि प्रक्रिया द्वारा इलाज।




प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग:- नार्मल डिलीवरी, रसौली, PCOD, श्वेत प्रदर, स्तन में गांठ, इन्फर्टीलिटी आदि रोगों का आयुर्वेदिक दवाईयों द्वारा इलाज।
कौमारभृत्य/बाल रोग विभाग :- बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए स्वर्णप्राशन संस्कार, ऑटिज्म (Autism), loss of concentration या ADHD विकार तथा सेरेब्रल पेल्सी, मेन्टल रिटार्डेशन, डिले माइलस्टोन आदि बीमारियों का आयुर्वेदिक इलाज।
शालाक्य तंत्र विभाग :- सिरदर्द, माइग्रेन, तर्पण विधि द्वारा बच्चों के नज़र के चश्में का नम्बर कम करना। नाक के अन्दर मांस बढ़ जाना व कान के पर्दे के छेद का आयुर्वेदिक औषधियों द्वारा बिना ऑपरेशन सफल इलाज।

Reception : 9520876144
Helpline No.: 8077808309



निःशुल्क योग सत्र
(ऑफलाइन /ऑनलाइन) केवल रजिस्ट्रेशन करने पर मो. 9520876144

निःशुल्क भर्ती सुविधा
(निर्धारित समय अवधि के लिए)

## सिटी ब्रीफ

### दुकान पर बैठे युवक को किया घायल

बरेली, अमृत विचार : पुरानी रंजिश में दुकान पर बैठे युवक को घायल कर दिया। किला थाना थाना क्षेत्र के इंग्लिशगंज निवासी मोहसिन ने बताया कि 24 मार्च को वह अपने भाई मोहम्मद अलीम की दुकान पर बैठा था। इसी बीच पुरानी रंजिश में सुभाषनगर के तिवारी मंदिर के पीछे रहने वाले गौरव ने गालियां देकर डंडे से हमला कर घायल कर दिया। उसके बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करके जांच शुरू कर दी है।

### पेंशनर्स कल्याण समिति ने ज्ञापन सौंपा

बरेली, अमृत विचार : संयुक्त पेंशनर्स कल्याण समिति ने बुधवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर नगर मजिस्ट्रेट राजेश कुमार वर्मा को विभिन्न मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। जनपद संयोजक जयवीर सिंह के नेतृत्व में पदाधिकारी पहुंचे थे। पदाधिकारियों ने केंद्रीय सिविल सेवा (पेंशन) वैधता अधिनियम 2025 को वापस लेने की मांग की। कहा कि यह ऐसा अधिनियम है जो केंद्र सरकार को अपने पेंशनर्स का वर्गीकरण करने तथा उनके बीच अंतर बनाए रखने का अधिकार प्रदान करता है।

# 497.76 लाख से बन रहीं फोकस वॉल, सभी अधूरी

## सौंदर्यीकरण की धीमी रफ्तार: 20 स्थानों पर प्रस्तावित हैं फोकस वॉल, 13 साइटों पर चल रहा काम, अन्य जगह लटका

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : शहर के सौंदर्यीकरण और पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए बहुप्रचारित फोकस वॉल परियोजना की बेहद सुस्त है। करीब 497.76 लाख की लागत से 20 स्थानों पर फोकस वॉल बनाई जानी हैं लेकिन सभी जगह निर्माण अधूरा है।

पर्यटन विभाग की कार्यदायी संस्था उप्र राज्य पर्यटन विकास निगम लिमिटेड की ओर से 13 स्थानों पर फोकस वॉल का निर्माण कार्य जारी है। इन जगहों पर विभागीय स्तर पर 90 प्रतिशत तक कार्य पूरा होने का दावा किया जा रहा है। अभी जमीनी स्थिति में भी अधिकांश स्थानों पर अंतिम चरण का कार्य अधूरा है, जिससे परियोजना की रफ्तार सुस्त नजर आ रही है। फोकस वॉल पर पोलीफाइबर स्टोन लगाने और फिनिशिंग का कार्य धीमी गति से चल रहा है। यही वजह है कि निर्माण अंतिम चरण में पहुंचकर अटक गया है। वहीं, प्रस्तावित 20 में से छह स्थानों पर भूमि उपलब्ध न होने के कारण उनके लोकेशन बदलने पड़े, जिससे परियोजना की समय सीमा प्रभावित हुई है। पर्यटन सूचना अधिकारी मनीष सिंह ने बताया कि शासन की ओर से इस परियोजना के लिए 497.76 लाख रुपये का बजट की स्वीकृति मिली थी। स्वीकृत बजट में से शासन की ओर से 245 लाख बजट जारी हो चुका हैं। उन्होंने कहा कि अक्टूबर तक सभी फोकस वॉल का निर्माण पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित हैं, जो पूरा कर लिया जाएगा।


स्टेडियम गेट पर बन रही फोकस वॉल। ● अमृत विचार



कमिश्नरी आफिस के पास तैयार हो रही फोकस वॉल। ● अमृत विचार

### छह स्थान बदले, नई जगहों पर शुरुआत

भूमि की समस्या के चलते छह का स्थान बदलकर नए स्थान चिन्हित किए गए हैं। इनमें इन्वर्टिस तिराहा, रेलवे स्टेशन, मिनी बाईपास इज्जतनगर, झुमका तिराहा, रोहिला होटल वॉल और एयरपोर्ट क्षेत्र से स्थान परिवर्तित कर नई जगहों में चर्च गेट, आरए बाजार कॉर्नर, युगवीणा लाइब्रेरी, धोपेश्वर नाथ मंदिर, गांधी चौक और एमईएस पंप हाउस के पास कार्य शुरू किया गया है।

### इन स्थानों पर चल रहा काम

मनोहर भूषण इंटर कॉलेज ग्राउंड, एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय, सुरेश शर्मा नगर चौराहा, डीडीपुरम पार्क, स्पोर्ट्स स्टेडियम के पास, कुदेशिया अंडरपास, बीसलपुर चौराहा, विकास भवन के पास, आयुक्त कार्यालय के पास और उद्योग विभाग कार्यालय के पास सहित कई प्रमुख स्थानों पर फोकस वॉल का निर्माण करीब 90 प्रतिशत तक पहुंचा है, लेकिन अभी तक अंतिम रूप किसी को नहीं दिया। 100 फुटा तिराहा (आदिनाथ चौक) पर करीब 80 प्रतिशत कार्य पूरा हुआ है, जबकि डेलापीर तालाब और तपेश्वरनाथ-मढ़ीनाथ द्वार पर महज 60 प्रतिशत तक निर्माण कार्य सीमित है। त्रिवटी नाथ मंदिर (मैकेनियर रोड) पर निर्माण कार्य हाल ही में शुरू हुआ है।


विकास भवन के पास 90 फीसद तैयार फोकस वॉल। ● अमृत विचार

## एडीजी मेजर जनरल ने आठवीं वाहिनी एनसीसी का किया दौरा

बरेली, अमृत विचार : उत्तर प्रदेश एनसीसी निदेशालय के अतिरिक्त महानिदेशक (एडीजी) मेजर जनरल गौरव गौतम ने बुधवार को आठवीं बालिका वाहिनी एनसीसी बरेली का दौरा किया।

मेजर जनरल गौरव गौतम ने कहा कि एनसीसी युवाओं को जिम्मेदार नागरिक बनाने का महत्वपूर्ण मंच है। उन्होंने महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में एनसीसी कैडेट्स की भूमिका को भी अहम बताया। कर्नल समीर सिंह बिष्ट ने वाहिनी की उपलब्धियों और गतिविधियों पर विस्तृत प्रस्तुतीकरण दिया। उन्होंने कैडेट्स की अनुशासन, समर्पण और उपलब्धियों की प्रशंसा करते हुए भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में एनसीसी के प्रशिक्षण और विभिन्न गतिविधियों को लेकर चर्चा की गई। बरेली ग्रुप के ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर अमित उनियाल, एडमिन ऑफिसर नीलिमा गौर, लेफ्टिनेंट वंदना शर्मा, कैप्टन वीनम सक्सेना, लेफ्टिनेंट शिवानी शर्मा, जीसीआई मोनिका शर्मा और निकिता उप्रेती सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# पीएलआई के विरोध में उतरे बैंक कर्मचारी

कार्यालय संवाददाता, बरेली


पीएलआई का विरोध करते बैंक कर्मचारी और यूनियन के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

- पीएलआई फॉर्मूले को बताया कर्मचारियों के हितों के विपरीत

अमृत विचार: नए पीएलआई फॉर्मूले के विरोध में बैंक कर्मचारियों ने काले फीते बांध कर विरोध शुरू किया।

यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस के आह्वान पर देश भर के सरकारी बैंकों के अधिकारी और कर्मचारी विरोध कर रहे हैं। उनका कहना है कि यह फॉर्मूला कर्मचारियों के हितों के विपरीत है और असमानता को बढ़ावा देता है। यूनाइटेड फोरम के जिला संयोजक नवींद्र कुमार ने कहा कि प्रस्तावित पीएलआई फॉर्मूला कर्मचारियों के हितों के विपरीत है तथा यह कार्यस्थल पर भेदभाव और असंतोष को बढ़ावा देगा। उन्होंने आगे कहा कि बैंक कर्मचारी पहले से ही अत्यधिक कार्य दबाव में कार्य कर रहे हैं, ऐसे में यह नई व्यवस्था उनके मनोबल को कमजोर करेगी।


फोरम के अध्यक्ष पीके माहेश्वरी ने कहा कि यह फॉर्मूला बैंकिंग क्षेत्र की कार्य संस्कृति पर नकारात्मक प्रभाव डालेगा, इसलिए इसे तत्काल वापस लिया जाना चाहिए। उपाध्यक्ष संतोष तिवारी ने सभी कर्मचारियों से एकजुट होकर आंदोलन में भाग लेने की अपील करते हुए कहा कि संगठन अपने सदस्यों के हितों की रक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। महिला संयोजक रश्मि शर्मा ने कहा कि यह नीति सभी वर्गों के कर्मचारियों, विशेषकर महिला कर्मचारियों के लिए भी प्रतिकूल है, सभी को बढ़-चढ़कर इस आंदोलन में भाग लेना चाहिए। बैंक कर्मचारियों का कहना है कि वे अपने हितों की रक्षा के लिए एकजुट हैं और इस फॉर्मूले को वापस लेने की मांग कर रहे हैं।

## एसपी सिटी ने बारादरी थाने का किया निरीक्षण

बरेली, अमृत विचार: एसपी सिटी मानुष पारीक ने बुधवार को बारादरी थाने का वार्षिक निरीक्षण किया। उन्होंने जहां वाहन खड़े थे, वहां साफ सफाई के निर्देश दिए। इसके अलावा हेल्प डेस्क, जनसुनवाई, साइबर हेल्प डेस्क का जायजा लिया। फरियादियों की समस्या का जल्द समाधान करने के निर्देश दिए। उन्होंने शस्त्रागार, कार्यालय का निरीक्षण किया गया। बलवा रोकथाम, सक्रिय अपराधी रजिस्टर व ऑर्डर बुक पुलिस को भी देखा। जिन रजिस्टरों में कमियां पाई गईं, उन्हें तत्काल दूर करने को कहा गया। शस्त्र पुलिसकर्मियों से चलवाकर भी देखे।

# डीआईजी ने 131 लाभार्थियों को दिए चेक

कार्यालय संवाददाता, बरेली



लाभार्थी को चेक देते डीआईजी अजय कुमार साहनी, अपर आयुक्त प्रीति जायसवाल एडीएम सिटी सौरव दुबे व बैंक अधिकारी। ● अमृत विचार

- कचहरी स्थित एसबीआई की मुख्य शाखा में लगा लोन मेला

अमृत विचार: कचहरी स्थित भारतीय स्टेट बैंक की मुख्य शाखा में बुधवार को लोन मेले में विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत 131 लाभार्थियों को लगभग 5 करोड़ का ऋण वितरित किया गया।

मुख्य अतिथि डीआईजी अजय कुमार साहनी, अपर आयुक्त प्रशासन प्रीति जायसवाल, एडीएम सिटी सौरभ दुबे, एडीएम जे देश दीपक सिंह, लखनऊ मंडल के महाप्रबंधक अनिल कुमार, बरेली मंडल के उप महाप्रबंधक सुमन बक्शी, क्षेत्रीय प्रबंधक नीरज कुमार राय, क्षेत्रीय कार्यालय के मुख्य प्रबंधक मंजुलिका अमरनानी ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया। ग्राहकों को विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि बैंक की योजनाएं स्वरोजगार को बढ़ावा देने और छोटे व्यवसायों को मजबूती देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। कार्यक्रम के क्रम में भोजीपुरा शाखा के नए परिसर का उद्घाटन किया गया। भोजीपुरा के शाखा प्रबंधक अरविंद कुमार आदि मौजूद रहे।

# फेटोटॉमी तकनीक से बिना ऑपरेशन भैंस की कराई सफल डिलीवरी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

### आईवीआरआई की एक और बड़ी उपलब्धि

- मृत भ्रूण जैसी स्थिति में फेटोटॉमी तकनीक बनी ब्रह्मास्त्र
- ढाई घंटे चले ऑपरेशन में भैंस की बचाई जा सकी जान

अमृत विचार : भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान के वैज्ञानिकों ने बिना ऑपरेशन के फेटोटॉमी तकनीक से ढाई घंटे में भैंस की सुरक्षित डिलीवरी करा एक और सफलता अपने नाम की। इस उपलब्धि को आधुनिक पशु चिकित्सा तकनीक में बड़ी प्रगति के रूप में देखा जा रहा है।

आईआरवीआई के वैज्ञानिक डॉ. ब्रजेश कुमार ने बताया कि देवचरा क्षेत्र में एक भैंस जो दूसरी ब्यात में थी, प्रसव के दौरान गंभीर जटिलता का शिकार हो गई। उपचार में कोई सुधार नहीं हुआ। भैंस के स्वामी बुधवार को आईवीआरआई के रेफरल सेंटर में लेकर पहुंचे। यहां जांच में सामने आया कि भैंस के गर्भ में मॉनस्टर भ्रूण (असामान्य विकसित भ्रूण) है जो पशुओं में बेहद दुर्लभ स्थिति मानी जाती है। ऐसे मामलों में सर्जरी ही एकमात्र विकल्प होता है, लेकिन वैज्ञानिकों ने जोखिम उठाते हुए बिना ऑपरेशन के उपचार का निर्णय लिया। डॉ. ब्रजेश के नेतृत्व में टीम ने फेटोटॉमी तकनीक से इलाज शुरू किया। करीब ढाई घंटे तक चले इस जटिल ऑपरेशन में भ्रूण को छोटे-छोटे हिस्सों में विभाजित कर प्राकृतिक मार्ग से बाहर निकाला गया। प्रक्रिया पूरी तरह सफल रही और भैंस सुरक्षित व सामान्य स्थिति में लौट आई। इस तरह के असामान्य भ्रूण जिनमें छह या आठ पैर जैसी विकृतियां होती हैं वाले मामले बेहद कम, लगभग एक से दो प्रतिशत ही देखने को मिलते हैं। ऐसे मामलों में सामान्य प्रसव संभव नहीं होता और अधिकतर सर्जरी करनी पड़ती है। फेटोटॉमी तकनीक न केवल सर्जरी की आवश्यकता को कम करती है, बल्कि सर्जरी पर आने वाला छह से आठ हजार रुपये तक का खर्च बच जाता है।

### यह तकनीक बरेली, मथुरा, लुधियाना और हिसार में उपलब्ध



वैज्ञानिक डॉ. ब्रजेश कुमार ने बताया कि यह तकनीक देश में बरेली, मथुरा, लुधियाना और हिसार में ही उपलब्ध है। इस तकनीक ने पशुपालकों को नई उम्मीद दी है, बल्कि यह भी साबित किया है कि उन्नत तकनीकों के जरिए जटिल से जटिल मामलों का समाधान संभव है। उन्होंने अपील भी की है कि जिले में जानवरों को किसी भी तरह की समस्या हो तो वह फौरन आईआरवीआई लेकर पहुंचें।

## विद्यार्थियों ने पुस्तकालय भ्रमण कर सीखी शोध तकनीक

बरेली, अमृत विचार : बरेली कॉलेज के राजनीति विज्ञान के स्नातक द्वितीय सेमेस्टर के विद्यार्थियों ने बुधवार को पुस्तकालय का शैक्षणिक भ्रमण कर आधुनिक शोध संसाधनों के उपयोग की जानकारी प्राप्त की। इन संशाधनों के उपयोग से विद्यार्थी अपने भविष्य को बेहतर बना सकते हैं।

विद्यार्थियों को ई-लाइब्रेरी में विषय संबंधी पुस्तकों की खोज, डेलनेट और ओपेक प्रणाली के माध्यम से संदर्भ सामग्री एकत्रित करने की प्रक्रिया सिखाई गई। यह गतिविधि प्रो. मनमीत कौर, प्रो. वंदना शर्मा, प्रो. नीलम गुप्ता, प्रो. शकुंतला सिंह, डॉ. सत्येंद्र कुमार, डॉ. मिन्नी और डॉ. अंशु शर्मा के निर्देशन में संपन्न हुई। पुस्तकालय स्टाफ अमित और पंकज का सहयोग रहा। अंशिका, पूनम देवी, सलोनी, पायल, अजय, मिलन, अनिल, अखिलेश, वंशिका मौजूद रहीं।

# सामान्य नागरिक संहिता शरीयत में सीधा दखल

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- मौलाना शाहबुद्दीन बोले- देश भर में मुसलमान विरोध करेंगे

अमृत विचार : गुजरात विधानसभा में सामान्य नागरिक संहिता बिल पास होने को लेकर आल इंडिया मुस्लिम जमात ने विरोध किया है। जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना शहाबुद्दीन रजवी ने कहा कि सामान्य नागरिक संहिता एक तरह से सीधे तौर पर शरीयत में दखल है। मुसलमान इसको मंजूर नहीं करेगा।

मौलाना ने कहा कि बिल में जो बातें निकलकर सामने आई हैं, उसके मुताबिक उसमें तलाक देने का अधिकार मर्दों के साथ महिलाओं को भी दिया जायेगा। मर्द एक ही शादी कर सकता है और उसको सिर्फ दो बच्चा पैदा करने का अधिकार होगा, शादी का रजिस्ट्रेशन जरूरी होगा। इन कानूनों पर किसी व्यक्ति ने अमल नहीं किया तो जनकल्याण और लाभकारी सरकारी योजनाओं से वंचित कर दिया जायेगा। यूसीसी के उक्त नियम सीधे तौर पर कुरान व हदीस के खिलाफ हैं, इसलिए मुसलमान इस कानून को मानने के लिए तैयार नहीं हैं। मौलाना ने कहा कि ये समस्या मुसलमानों के अलावा भारत में रहने वाले अन्य संप्रदाय के सामने भी खड़ी होगी। संविधान, आईपीसी, फौजदारी, जमींदारी एक्ट और शादी विवाह से संबंध रखने वाले अलग-अलग संप्रदाय के कानून पहले से ही बने हुए हैं और आजादी के बाद 79 सालों से इस पर अमल किया जा रहा है। मौलाना ने आगे कहा कि यूसीसी का पूरे देश भर में मुसलमान विरोध करेगा, उलमा और बुद्धिजीवी अहमदाबाद में बहुत जल्द बैठक करके आंदोलन की रणनीति बनाएंगे। हम लोकतांत्रिक ढांचे में यकीन रखते हुए कानून के दायरे में विरोध करेंगे।

# जिले में छह माह में मिले 600 से अधिक हेपिटाइटिस मरीज

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- पुरुषों की तुलना में महिलाएं ज्यादा शिकार, 73 हेपिटाइटिस बी के मरीज सामने आए
- 2012 से जिला अस्पताल में शुरू हुई है स्क्रीनिंग, लगातार मिल रहे मरीज

अमृत विचार: जिले में हेपेटाइटिस (काली पीलिया) के मरीज बढ़ रहे हैं। छह माह में सामने आए आंकड़े चौकाने वाले है। जांच रिपोर्ट के मुताबिक एक माह में 100 से ऊपर हेपिटाइटिस सी के मरीज मिले हैं। बीते छह माह में जिला अस्पताल में हेपिटाइटिस मरीजों की संख्या 619 है। वहीं रक्त जांच से 73 हेपिटाइटिस बी के मरीज सामने आए।

कभी लाइलाज कही जाने वाली बीमारी हेपेटाइटिस सी को अब समय पर जानकारी होने के चलते नियंत्रित किया जा सकता है। जिला अस्पताल में इस बीमारी की जांच के लिए सप्ताह में दो दिन मंगलवार और शनिवार को रक्त की जांच कराने के लिए ओपीडी लगाई जाती है। इसके साथ ही रोज ओपीडी में आने वाले मरीजों की भी डॉक्टर जांच करवाते हैं। मई 2025 से फरवरी 2016 तक मरीजों की रक्त की जांच में हेपिटाइटिस सी के कुल मरीजों की संख्या 619 थी। जिसमें 314 महिलाएं और 305 पुरुष थे। वहीं हेपिटाइटिस बी के मरीजों की संख्या 73 थी। इनमें 58 पुरुष और 15 महिलाएं हैं। डॉक्टरों का कहना है पहले हेपिटाइटिस सी गंभीर बीमारी थी। दवाइयों से वायरल लोड कम करके इसे ठीक किया जा सकता है।

> हेपिटाइटिस सी के मरीजों को जिला अस्पताल से फ्री में दवा दी जाती है। उनका वायरल लोड कम किया जाता है। हेपिटाइटिस सी के मरीज पूरी तरह से सही हो जाते हैं। -**डॉ रमेश चंद्र दीक्षित**, एडीएसआईसी

### मुश्किल

बुजुर्ग बोले- पांच साल से भागदौड़ कर रहे फिर भी नहीं मिल पाई पेंशन


# पेंशन को काट रहे चक्कर, बुजुर्ग बने घनचक्कर

- कहा- पेंशन के लिए आवेदन के बावजूद विभाग में कोई सुनने वाला नहीं

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : वृद्धा पेंशन के लिए तमाम बुजुर्ग दफ्तरों के चक्कर काट रहे हैं। कई वृद्ध ऐसे हैं, जो पिछले पांच साल से समाज कल्याण विभाग की चौखट पर आ रहे हैं, मगर उनकी समस्या का समाधान नहीं हो सका। बुजुर्गों का कहना है कि दफ्तर में आते हैं, मगर उन्हें टरका दिया जाता है। पेंशन के लिए आवेदन के बावजूद उनकी कोई सुनने वाला नहीं है।

समाज कल्याण विभाग के दफ्तर के बाहर रोजाना बुजुर्गों की लंबी कतारें देखने को मिलती हैं। इनमें अधिकांश लोग आर्थिक रूप से बेहद कमजोर हैं और पेंशन उनके लिए जीवनरेखा जैसी है। लेकिन उनकी फाइलें महीनों तक लंबित रहती हैं। न तो समय पर सत्यापन होता है और न ही भुगतान की प्रक्रिया पूरी हो पाती है। बुजुर्ग धनपाल ने का कहना है कि विभाग की कार्यप्रणाली पूरी तरह से लचर हो चुकी है। बुजुर्गों को बार-बार दौड़ाया जा रहा है। यदि समय पर पेंशन मिल जाए, तो उनकी जिंदगी कुछ हद तक आसान हो सकती है, लेकिन यहां संवेदनहीनता हावी है। कई मामलों में आवेदन करने के बाद फाइलें वर्षों तक लंबित रहती हैं।



उनकी पत्नी प्रेमवती ने पेंशन के लिए पांच साल पहले आवेदन किया था। लेकिन, अभी तक पत्नी की पेंशन नहीं आई। विभाग में पहुंचने पर हर बार कोई न कोई नया बहाना बताया जाता है। कभी कहा जाता है कि डीएम कार्यालय जाओ तो कभी कहा जाता है लखनऊ से पेंशन रुकी है। उदासी भरे मन से कहते हैं कि अब तो उम्मीद ही खत्म हो गई है। उनकी आंखों में बेबसी और निराशा साफ दिखी। -**राम प्रसाद**, निवासी गांव बफरी अब्दुल नवीपुर



पेंशन ही उनका सहारा थी, लेकिन काफी समय से सिर्फ आश्वासन ही मिल रहा है। उनका आरोप है कि अधिकारी ठीक से बात तक नहीं करते। कभी कहते हैं फाइल नहीं मिली, तो कभी सिस्टम खराब होने का बहाना बना देते हैं। जिससे वह काफी दिनों से परेशान होकर कार्यालय का चक्कर काट रहे हैं। उनकी समस्या का अभी तक निदान नहीं हुआ है। - **सोनपाल**, निवासी देवरनियां



मेरी मौसी जयंती देवी की पेंशन पिछले डेढ़ साल से रुकी है। बार-बार कार्यालय का चक्कर काटने के बाद भी कोई सुनवाई नहीं हो रही है। आफिस के चक्कर लगाते-लगाते वह अब थक चुके हैं। अगर अफसर सही से काम करें तो बेसहारों को इस तरह चक्कर काटने पर मजबूर न होना पड़ेगा। बुजुर्गों की समस्याओं को गंभीरता से लेकर निदान करना चाहिए। - **रामगोपाल**, निवासी व्योधन खुर्द

> कार्यालय पर आने वाले आवेदकों से बात कर उनकी समस्याओं का निराकरण कराया जाता है। कुछ मामलों में दस्तावेजों की कमी होने के कारण पूरा करने में समय लगता है। जो भी यहां पर आता है, उसकी समस्या गंभीरता से सुनते हुए निराकरण का प्रयास किया जाता है। - **सुधांशु शेखर**, जिला समाज कल्याण अधिकारी

सबसे पुराना दवाखाना
गुप्त रोगी मिलें
हर तरफ से निराश रोगी मिलें

बवासीर, शीघ्रपतन, नामर्दी, बे-औलाद रोगी मिलें
भारत प्रसिद्ध गोल्ड मेडलिस्ट
डा. शेख
हर मंगलवार निकट सैटेलाइट बस स्टैण्ड
बरेली
9837023223

## सिटी ब्रीफ

### चित्र प्रदर्शनी में दिखी सरकार की उपलब्धियों की झलक

**बरेली, अमृत विचार :** प्रदेश सरकार के नौ वर्ष पूरे होने पर हार्टमन रामलीला मैदान में सूचना विभाग की ओर से चित्र प्रदर्शनी लगाई है। प्रदर्शनी में सरकार की उपलब्धियां को दर्शाया गया है। सूचना विभाग के आकड़ों के अनुसार लखपति दीदी योजना से 18.55 लाख से अधिक लखपति दीदी को पंजीकृत करवाकर लाभान्वित किया है। आठ गुना आजीविका मिशन का दायरा बढ़ा है। 1.06 करोड़ ग्रामीण महिलाएं आत्मनिर्भर बनी हैं।

### बास्केटबॉल प्रतियोगिता के ट्रायल 27 को

**बरेली, अमृत विचार :** खेल निदेशालय की ओर से 36 वीं स्टेट जूनियर बालक वर्ग बास्केटबॉल प्रतियोगिता में जनपद की टीम प्रतिभाग करेगी। प्रतियोगिता के लिए बरेली टीम का चयन 27 मार्च को स्टेडियम परिसर में शाम 4 बजे ट्रायल के माध्यम से होगा। प्रतिभाग खिलाड़ी की जन्मतिथि 1 जनवरी 2008 या उसके बाद की होनी चाहिए। ट्रायल में खिलाड़ियों को जन्म प्रमाण पत्र और आधार कार्ड लाना अनिवार्य होगा। प्रतियोगिता का आयोजन 3 से 8 अप्रैल तक प्रतापगढ़ में किया जाएगा।

### 55 विद्यालयों के प्रधानाध्यापक सम्मानित

**बरेली, अमृत विचार :** निपुण भारत मिशन के अंतर्गत जनपद स्तरीय निपुण विद्यालय सम्मान कार्यक्रम का आयोजन हुआ, जिसमें चयनित 55 विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि विधायक बिथरी चैनपुर डॉ. राघवेंद्र शर्मा व बीएसए डॉ. विनीता ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। राज्य संदर्भ समूह के सदस्य डॉ. अनिल चौबे ने विद्यालयों के आकलन प्रक्रिया की जानकारी दी। संचालन आशुतोष शर्मा ने किया।

### कर्मचारी समिति के तीन पदों पर निर्विरोध निर्वाचन तय

**बरेली, अमृत विचार :** बरेली कॉलेज कर्मचारी कल्याण सेवा समिति का चुनाव 27 मार्च को होगा। बुधवार को नामांकन में अध्यक्ष पद पर जितेंद्र मिश्रा, सचिव पद पर हरीश मौर्य, कोषाध्यक्ष पद पर तेजपाल ने नामांकन कराया। तीनों पद पर एक-एक नामांकन होने के कारण इन पदों पर पदाधिकारी के निर्विरोध निर्वाचित होंगे। वहीं, उपाध्यक्ष पद पर पूरनलाल मसीह और सुनील कुमार सिंह ने नामांकन किया है। मतदान के बाद चारों पदों पर निर्वाचन की घोषणा मुख्य चुनाव अधिकारी संजीव मेहरोत्रा करेंगे।

# रुविवि : एमटेक की फीस घटी

## कार्य परिषद की बैठक में कई निर्णयों पर मुहर, एआई पॉलिसी को मंजूरी

कार्यालय संवाददाता, बरेली



कार्य परिषद की बैठक में मौजूद कुलपति प्रो. केपी सिंह व अन्य। • अमृत विचार

**अमृत विचार :** एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय की कार्य परिषद (एक्जीक्यूटिव काउंसिल) की बैठक कुलपति प्रो. केपी सिंह की अध्यक्षता में बुधवार को विश्वविद्यालय के समिति कक्ष में हुई। जिसमें कई महत्वपूर्ण प्रशासनिक और शैक्षणिक निर्णयों पर मुहर लगाई गई, जिनका सीधा लाभ विद्यार्थियों और शिक्षकों को मिलेगा।

बैठक के प्रारंभ में नवनियुक्त सदस्यों घनश्याम खंडेलवाल, प्रो. अजीत सिंह नैन, प्रो. रजनी रंजन सिंह, प्रो. अंजू अग्रवाल, प्रो. हरिकेश सिंह, प्रो. दुष्यंत कुमार एवं प्रो. अनुपम मेहरोत्रा का स्वागत किया गया। पूर्व विधायक एवं प्रो. श्याम बिहारी लाल के निधन पर शोक व्यक्त किया गया। इसके बाद पूर्व बैठक के निर्णयों का अनुमोदन किया गया। कार्य परिषद ने विश्वविद्यालय में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पॉलिसी 2026 को मंजूरी देते हुए इसे एआई के क्षेत्र में उत्कृष्टता केंद्र के रूप में विकसित करने की दिशा में बड़ा कदम बताया। साथ ही यूजीसी कैटेगरी-1 का दर्जा मिलने के बाद सेंटर ऑफ डिस्टेंस एंड ऑनलाइन एजुकेशन शुरू करने का निर्णय लिया गया। छात्र हित में अहम फैसला लेते हुए एमटेक की वार्षिक फीस 1 लाख से घटाकर 80 हजार कर दी गई है।

**• शिक्षकों के वेतन में 5 प्रतिशत वृद्धि, पदोन्नतियों को मंजूरी**

वहीं, संगठक कॉलेजों के शिक्षकों के वेतन में 5 प्रतिशत वृद्धि को भी स्वीकृति दी गई। बैठक में 10 गैर-शैक्षणिक कर्मचारियों की पदोन्नति, दो शिक्षकों एवं सहायक पुस्तकालयाध्यक्ष को करियर एडवांसमेंट स्कीम के तहत प्रोन्नति पर भी मुहर लगी। इसके अलावा 13 शोधार्थियों को पीएचडी उपाधि प्रदान करने और यूजीसी के नए नियमों के तहत शोध प्रबंध जमा करने की प्रक्रिया को मंजूरी दी गई।

कुलसचिव हरीश चंद, वित्त अधिकारी विनोद कुमार, प्रो. विजय बहादुर सिंह यादव, प्रो. उपेंद्र कुमार, प्रो. विनय कुमार, प्रो. विनय ऋषिवाल, प्रो. हरिकेश सिंह, डॉ. संजीव कुमार सक्सेना, डॉ. रामकेवल, डॉ. विमल कुमार, डॉ. सौरभ वर्मा, डॉ. आशीष जैन आदि मौजूद रहे।

## वृद्धों के अधिकार देखभाल की दी जानकारी

**बरेली, अमृत विचार :** बरेली कॉलेज में भारत सरकार की अटल वयो अभ्युदय योजना के अंतर्गत एक्साइट फाउंडेशन की ओर से स्वयं सेवा शिविर का आयोजन बुधवार को एमएड सभागार में किया गया। कार्यक्रम में एनएसएस वॉलिंटियर्स को वरिष्ठ नागरिकों की समस्याओं, देखभाल और उनके अधिकारों को लेकर जागरूक किया गया।

**• बरेली कॉलेज में स्वयं सेवा शिविर का हुआ आयोजन**

वरिष्ठ नागरिक भरण-पोषण एवं कल्याण अधिनियम-2007 पर विशेष चर्चा हुई। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अजिता सिंह तिवारी ने युवाओं को वृद्धों के प्रति जिम्मेदारियों और कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी। डॉ. अमिता गुप्ता ने वरिष्ठ नागरिकों के सम्मान और वर्तमान चुनौतियों पर प्रकाश डाला। संस्था के सदस्य एमएस यादव, प्रो. प्रतिभा शर्मा, संतोष कुमार मिश्रा, मोहित अग्रवाल, डॉ. गौसिया, डॉ. सारा बासु, डॉ. नमिता गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## रेगू इवेंट में यूपी ने नागालैंड को हराकर जीता खिताब



विजेता टीम के साथ कोच और अधिकारी। • अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** 28 वीं सब-जूनियर नेशनल सेपक टाकरा चैंपियनशिप में यूपी टीम ने रेगू इवेंट में सेमीफाइनल में मणिपुर और फाइनल में नागालैंड को हराकर खिताब अपने नाम किया।

प्रदेश की टीम ने सेमीफाइनल में मणिपुर को 15-7 और 15-11 के अंतर से पराजित किया। इसके बाद फाइनल में नागालैंड के खिलाफ टीम ने आत्मविश्वास से भरा खेल दिखाया। पहले सेट में 15-7 की मजबूत बढ़त बनाने के बाद दूसरे सेट में 15-13 से जीत दर्ज कर स्वर्ण पदक पर कब्जा कर लिया।

**• 28वीं सब जूनियर नेशनल चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन**

टीम की इस सफलता पर उत्तर प्रदेश सेपक टाकरा एसोसिएशन के अध्यक्ष कार्तिक आनंद और महासचिव सुमिल एस सीरिया ने खिलाड़ियों और कोचिंग स्टाफ को बधाई दी। टीम के साथ जॉइंट सेक्रेटरी तान सिंह, कोच राम कुमार, साई कोच मीना कुमारी ने अहम भूमिका निभाई। यूपी टीम में अधिकतर खिलाड़ी बरेली के हैं।

# शाहजहांपुर में शहीदों की प्रतिमाएं गिराने का किया विरोध

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** शाहजहांपुर के ऐतिहासिक टाउन हॉल परिसर में अशफाक उल्ला खां, ठाकुर रोशन सिंह एवं राम प्रसाद बिस्मिल की प्रतिमाएं गिराए जाने का कांग्रेस नेताओं ने कड़ा विरोध जताया।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष मिर्जा अशफाक सकलैनी ने कहा कि जनमानस में गहरा आक्रोश है। यह कृत्य न केवल देश के वीर शहीदों का अपमान है, बल्कि हमारी राष्ट्रीय भावना और गौरव को भी ठेस पहुंचाने वाला है। डॉ. केबी त्रिपाठी ने गहरा दुख व्यक्त करते हुए कहा इस गंभीर प्रकरण पर तुरंत ही दोषियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। जिन महान स्वतंत्रता सेनानियों ने देश की आजादी के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया, उनकी प्रतिमाओं के साथ इस प्रकार का व्यवहार अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण और निंदनीय है। टाउनहॉल जैसे सार्वजनिक स्थल पर स्थापित इन प्रतिमाओं का ऐतिहासिक और भावनात्मक महत्व है। इन्हें गिराया जाना कहीं न कहीं प्रशासनिक लापरवाही या सुनियोजित अनदेखी को दर्शाता है। जिला उपाध्यक्ष जिया उर रहमान ने कहा कि इस पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए। शीघ्र प्रतिमाओं को पुनः सम्मानपूर्वक स्थापित नहीं करने दोषियों पर कार्रवाई नहीं करने पर कांग्रेस पार्टी ने व्यापक आंदोलन की चेतावनी दी है।

**• कांग्रेसी नेता बोले- यह कृत्य राष्ट्रीय भावना और गौरव को ठेस पहुंचाने वाला**

## डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती पर लगेगा दो दिवसीय मेला

**बरेली, अमृत विचार :** महर्षि वाल्मीकि आश्रम प्रेमनगर में बुधवार को हुई बैठक में भारत रत्न बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती 12, 13 और 14 अप्रैल को मनाने का निर्णय लिया गया। दो दिवसीय मेला लगाने की भी सहमति बनी है। प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। अरविंद वाल्मीकि, श्याम सुंदर, चंदन प्रकाश चौधरी, मनोज थपलियाल, धीरेन्द्र प्रताप सिंह, सुरेश चंद वाल्मिकी, नरेश बाबू वाल्मीकि, आरके राजन, सुनील दत्त, विलास बाबू, कैलाश बाबू वाल्मीकि, इंजीनियर कमल किशोर, सुंदर सिंह, रामसेवक प्रजापति आदि उपस्थित रहे।

**• महर्षि वाल्मीकि आश्रम में बैठक का आयोजन**

# हिंदू बाल सम्मेलन में 400 स्टूडेंट सम्मानित

कार्यालय संवाददाता, बरेली




विराट हिंदू बाल सम्मेलन में प्रतिभागी छात्र-छात्राओं के साथ अतिथि। • अमृत विचार

**अमृत विचार :** द्वितीय विराट हिंदू बाल सम्मेलन में 51 विद्यालयों के लगभग 400 छात्र-छात्राओं ने आचार्यों और अभिभावकों के साथ भाग लिया। विद्यार्थियों को श्रीराम के आदर्शों को जीवन में आत्मसात करने के लिए प्रेरित किया गया।

**• बदायूं रोड पर द्वितीय बाल सम्मेलन का हुआ आयोजन**

बदायूं रोड स्थित एक रिसार्ट में बुधवार को आयोजित हिंदू बाल सम्मेलन का उद्घाटन करने के बाद मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल ने छात्र-छात्राओं को श्री राम के चरित्र से प्रेरणा लेने का संदेश देते हुए कहा कि आदर्श जीवन ही सच्ची सफलता का मार्ग प्रशस्त करता है। भगवान श्री राम के आदर्शों को अपने जीवन में आत्मसात करना चाहिए। कार्यक्रम संयोजक डॉ. दीपंकर गुप्त ने विद्यार्थियों को श्री राम के आदर्शों का पालन करने की प्रेरणा दी। विद्यार्थियों ने वंदना, स्वागत गीत और विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र, हनुमान चालीसा, अयोध्या धाम का प्रसाद, श्री राम अंग वस्त्र, रोली चंदन आदि वितरित किए गए। विकास मल्होत्रा, सुभाष पटेल, उमेश चंद्र गुप्ता, साहित्य भूषण सुरेश बाबू मिश्रा, एडवोकेट उपमेंद्र सक्सेना समेत अन्य लोग उपस्थित रहे।

## बाबा पीर रतन नाथ मंदिर दरगाह में आस्था का संगम



कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया। • अमृत विचार

**बरेली, अमृत विचार :** मंदिर दरगाह श्री बाबा पीर रतन नाथ जी परिसर में 60वें श्रीराम जन्मोत्सव के अवसर पर भक्ति और आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिला।

श्री रतन मंडल की ओर से आयोजित मां भगवती महामाई की भव्य चौकी ने वातावरण को श्रद्धा से भर दिया। विभिन्न भजन मंडलों ने अपनी प्रस्तुतियों से श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। अर्पणा मिश्रा ने आओ मात जी और मैया तेरी चुन्नी जैसे भजनों से समां बांध दिया। श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया। आयोजकों के अनुसार गुरुवार को हवन, अखंड राम नाम संकीर्तन, रक्तदान शिविर और विशाल भंडारे सहित कई धार्मिक व सामाजिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। संचालन में अध्यक्ष जुगल किशोर मक्कड़ के नेतृत्व में समिति के सदस्यों का योगदान रहा।

**• श्रीराम जन्मोत्सव पर मां भगवती की भव्य चौकी, भजनों से गूंजा परिसर**

## आईडीएसीसीपीएल : हिमांशु वॉरियर ने सुपरकिंग्स को हराया



जीत का जश्न मनाती हिमांशु वॉरियर की टीम। • अमृत विचार

**बरेली, अमृत विचार:** आईडीएसीसीपीएल के दूसरे दिन खेले गए मुकाबले में हिमांशु वॉरियर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 162 रन बनाए।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी आर के सुपरकिंग्स की टीम 138 रन सिमट गई और मुकाबला हार गई। वरिष्ठ दंत चिकित्सक डॉ. अनूप आर्य ने बताया कि उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए डॉ. शोवन मोहंती को मैच के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार दिया गया। डॉ. सलिल बलदेव, डॉ. नीरज चन्द्र, डॉ. नितिन अस्थाना, डॉ. इला अरोरा, डॉ. मुरलीधर, डॉ. निशांत कुमार, डॉ. शशांक मिश्रा, डॉ. अनमोल मेहरोत्रा और डॉ. आकांक्षा सिंह सहित कई चिकित्सक उपस्थित रहे।

## सिटी डायरी

### प्रधानाध्यापक प्रियंका यादव को किया गया सम्मानित

**बरेली, अमृत विचार :** रोटरी क्लब में बुधवार को जनपद स्तरीय निपुण सम्मान समारोह में विद्यालयों के प्रधानाध्यापक और अध्यापकों को सम्मानित किया गया। इसमें नगर क्षेत्र से केवल दो विद्यालय चयनित किए गए। बिथरी विधायक डॉ. राघवेंद्र शर्मा और बीएसए डॉ. विनीता ने प्राथमिक विद्यालय सूफी टोला द्वितीय की प्रधानाध्यापक प्रियंका यादव को विद्यालय में शानदार कार्य और बच्चों को निपुण बनाने के प्रयासों के लिए सम्मानित किया।



### नवदुर्गा मंदिर में श्रद्धालुओं ने नवाह्न पाठ का किया गायन



**बरेली, अमृत विचार :** सुभाष नगर की अवधपुरी कॉलोनी स्थित श्री हरे राम नव दुर्गा मंदिर में चैत्र नवरात्र के सातवें दिन मां कालरात्रि का पूजन किया गया। मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं ने भजन-कीर्तन किया। सायंकाल में आयुश शर्मा के नेतृत्व में हरे राम ग्वाल बाल भगवती सेवा समिति के पदाधिकारियों ने श्री राम चरित्र मानस का नवाह्न पाठ का संगीतमय गायन किया। गुरुवार को दुर्गा अष्टमी के दिन सुहागिनों को शृंगार का सामान का वितरण किया जाएगा।

### उन्नयन समारोह में मेधावी सम्मानित



**बरेली, अमृत विचार :** स्टेडियम रोड स्थित कैम्ब्रेज स्कूल में बुधवार को 'उन्नयन समारोह' का आयोजन हुआ। जिसमें सत्र 2025-26 का प्रोग्रेस रिपोर्ट कार्ड वितरित किया। मेधावी छात्र छात्राओं को सम्मानित किया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि नवाबगंज विधायक डॉ. एमपी आर्या ने की। छात्र अंकुश पटेल को प्री-नर्सरी में, दनीन खालिद को नर्सरी में, जन्नत जुबैर को केजी में, अरहान खान को कक्षा प्रथम, कक्षा द्वितीय में प्रणीत कृष्ण वार्ष्णेय, कक्षा तृतीय में श्रेया वर्मा, कक्षा चतुर्थ में फरिजा, कक्षा पांच में प्रणव कृष्ण वार्ष्णेय को पुरस्कृत किया गया। सर्वाधिक अंक प्राप्तकर्ता छात्र अरहान खान को 2100 की छात्रवृत्ति प्रदान की। स्कूल के चेयरपर्सन एडवोकेट बीके कोचर, प्रबंध निदेशक डॉ. केए वार्ष्णेय, प्रधानाचार्या मिथलेश वार्ष्णेय, डॉ. नवनीत कृष्ण वार्ष्णेय, प्रतीक्षा, साधना चौहान, मान्सी अरोरा, हिमांशी सक्सेना आदि का सहयोग रहा।

### रामोत्सव कार्यक्रम दो अप्रैल तक होंगे



बरेली, अमृत विचार : विश्व हिंदू परिषद के बुधवार को अलग-अलग प्रखंड में हुए कार्यक्रमों में बताया गया कि श्री रामोत्सव कार्यक्रम 2 अप्रैल तक महानगर में सम्पन्न होंगे। महानगर मंत्री संजय शुक्ला ने बताया कि अभी तक महानगर के श्री रामोत्सव के छह कार्यक्रम संपन्न हो चुके हैं। 22 कार्यक्रम योजना में शामिल हैं। इसी कड़ी में पशुपति नगर प्रखंड, शिवाजी प्रखंड, प्रताप नगर प्रखंड, मालवीय नगर प्रखंड एवं दीनदयाल नगर प्रखंड में कार्यक्रम हुए। देवेंद्र सिंह सोम, दिव्य चतुर्वेदी, राजेश पाठक, जितेंद्र कश्यप वक्ताओं के रूप में रहे। कमलेश वर्मा, दीपक सक्सेना, राजीव गुप्ता, गीता सिंह, भगवान स्वरूप, राजकुमार राजपूत, आशु गोस्वामी, मनीष अग्रवाल, आशीष सक्सेना, अंकित कुमार, अतुल कश्यप, नीरज चौरसिया आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

RMC BAREILLY Excellence towards profession

**रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल**

पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

**विशाल चिकित्सा शिविर**

हड्डी रोग विभाग | स्त्री रोग विभाग | बाल रोग विभाग | शल्य रोग (सर्जरी) विभाग | मेडिसिन विभाग | चेस्ट एवं टी.बी विभाग | नेत्र रोग विभाग | नाक, कान, गला रोग विभाग

यह सुविधा 23 मार्च 2026 से 10 अप्रैल 2026 तक

समस्त रोगों के इलाज की उच्च स्तरीय सुविधाएं

रजिस्ट्रेशन शुल्क मात्र 20/- रूपये

डॉक्टर द्वारा परमार्श मुफ्त
भर्ती एवं पलंग मुफ्त
भर्ती मरीजों का एक्स-रे मुफ्त
भर्ती मरीजों की सामान्य जाँचें मुफ्त
डिलीवरी मुफ्त
भर्ती मरीजों का ब्रेन एमआरआई 1500/- में स्पाईन एमआरआई 2000/- में
भर्ती मरीजों का अल्ट्रासाउण्ड मुफ्त
भर्ती मरीजों सी.टी. 20% की छूट पर एवं ईको 500/- में

**रोहिलखण्ड हॉस्पिटल में इम्पैनल्ड संस्थायें**

इम्पैनलमेंट संस्थाओं के नाम (कैशलेस-इलाज)

1. आयुष्मान भारत योजना
2. राष्ट्रीय अन्धता नियंत्रण कार्यक्रम (NBCP)
3. हौसला साझेदारी (परिवार नियोजन)
4- सी.ए.आई.आई. (CARI)
5. एक्स-सर्विसमैन कंट्रीब्यूटरी हेल्थ स्कीम (ESIC)
6. आई.वी.आर.आई. (IVRI)
7. कर्मचारी राज्य बीमा कारपोरेशन (ESIC)
8. बी.एस.एन.एल.
9. प्रधान मंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान
10. सेंट्रल आर्म्ड पुलिस फोर्स (CAPF)
11. सेंट्रल गर्वमेन्ट हैल्थ स्कीम

इम्पैनलमेंट टी.पी.ए. कंपनी (कैशलेस-इलाज)

1. एचडीएफसी एर्गो
2. एरिकसन इंश्योरेंस प्राइवेट लिमिटेड
3. सेफवे इंश्योरेंस टी.पी.ए. प्राइवेट लिमिटेड
4. रिलायंस हेल्थ इंश्योरेंस
5. आदित्य बिरला ग्रुप जनरल इंश्योरेंस कंपनी मिमिटेड
6. जेनिन्स इंश्योरेन्स कंपनी लिमिटेड
9. युनिवर्सल सोम्पो जनरल इन्श्योरेन्स
10. एसबीआई इन्योरेन्स
11. आईसीआईसीआई लोम्बार्ड
12. रिलायन्स जनरल इन्योरेन्स कं. लि.

*इनवेजस रेडियोलॉजी की जाँचें छोड़ कर *T&C Apply

हैल्पलाइन नं. : 9520876140, 8534088093, 9520876145

इमरजेंसी भर्ती की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध अनुभवी डाक्टरों की देख-रेख में

एन.ए.बी.एच.* 'राष्ट्रीय स्तर' द्वारा प्रमाणित संस्था